# कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में भरा पानी, सड़क पर चक्काजाम

## मोबाइल दुकान के संचालकों को भारी नुकसान, निर्माण कार्य के कारण बढ़ी परेशानी

आफरीन खान

**भोपाल, 11 मार्च. भोपाल के एमपी नगर स्थित ज्योति टॉकीज कॉम्प्लेक्स में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में अचानक पानी भर गया. बताया जा रहा है कि कॉम्प्लेक्स के पास चल रहे सड़क निर्माण कार्य के कारण पानी की निकासी बाधित हो गई, जिससे बेसमेंट में पानी भर गया. सुबह जब व्यापारी अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो बेसमेंट में लबालब भरे पानी को देखकर हैरान रह गए. बेसमेंट में पानी भरने से यहां संचालित कई दुकानों में रखा मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान खराब हो गया.**



बता दें कि ज्योति टॉकीज कॉम्प्लेक्स एमपी नगर क्षेत्र का सबसे बड़ा मोबाइल मार्केट है, जहां बड़ी संख्या में मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानें संचालित होती हैं. अचानक हुए इस नुकसान से व्यापारियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है. घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला.

### बदले रूट का जारी रहेगा आवागमन


बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज रोड पर अगले तीन महीने के लिए चार पहिया समेत अन्य भारी वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी. इस बीच ज्योति टॉकीज के पास नाले की धंसी दीवार और सड़क की मरम्मत की जाएगी. करीब सात महीने पहले दीवार और सड़क धंसने पर बड़ा गड्ढा हो गया था, जिससे कुछ महीने भारी वाहनों को डायवर्ट करना पड़ा था. बोर्ड ऑफिस से ज्योति टॉकीज की ओर जाने वाले चार पहिया, भारी और सवारी वाहन के लिए रूट बदला है. ये वाहन बोर्ड ऑफिस से डीबी मॉल के सामने से दाहिने मुड़कर थद्दाराम कॉम्पलेक्स रोड से होकर ज्योति टॉकीज की ओर आवागमन कर सकते हैं.

### ट्रैफिक व्यवस्था के लिए यहां करें संपर्क

डायवर्सन व्यवस्था से किसी भी तरह की परेशानी होने पर नगरीय ट्रैफिक पुलिस से संपर्क कर सकते हैं. इसके लिए टेलीफोन नंबर 0755-2677340 जारी किया गया है.



कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में संचालित दुकानों में करीब 5 फीट तक पानी भर गया, जिससे दुकानों में रखा लगभग सारा सामान खराब हो गया. करीब 24 घंटे से बेसमेंट में पानी भरा हुआ है, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है. बारिश के समय भी हर साल इसी तरह का नुकसान उठाना पड़ता है.
**– दिलजीत सिंह, व्यापारी**



सड़क निर्माण कार्य के दौरान उचित व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण उन्हें लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. नालियों के पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिससे गंदा पानी कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में जमा हो गया. व्यापारियों के अनुसार बेसमेंट में पानी भरने से दुकानों में घुसा पानी और दुकानों में रखा अधिकांश सामान खराब हो गया.
**– किशोर रजानी, व्यापारी**



ज्योति टॉकीज कॉम्प्लेक्स में नगर निगम के नाले की खुदाई और मरम्मत के दौरान बेसमेंट में पानी भर गया. पानी भरने के कारणों की जांच की जा रही है. नगर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर पानी का साक्ष्य लेकर जल निकासी कर रही है. दुकानदारों को स्थिति के बारे में समझाइश दी गई और जिसके बाद सहयोग करते हुए दुकानदारों ने चक्काजाम हटा दिया.
**– मिलन जैन, एसीपी**

# आरोपी महिलाएं 'मस्त' पिज्जा डिलेवरी कोड पर होती थी डील

▶ देह व्यापार और धर्मांतरण मामले में पुलिस की जांच जारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 मार्च. बागसेवनियां थाना इलाके में देह व्यापार और धर्मांतरण से जुड़े मामले की आरोपी अमरीन और आफरीन के घिनौने काम की पुलिस जांच जारी है. दोनों बहनों को लेकर पुलिस जांच में लगातार चौंकाने वाले खुलासे सामने आ रहे हैं.**

सामने आई जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार हुई दोनों बहनें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय थीं. आरोपी महिलाएं सोशल मीडिया ऐप पर अपना नेटवर्क चलाते हुए मस्त पिज्जा डिलेवरी जैसे कोड का इस्तेमाल करके ग्राहक युवकों से डीलिंग करती थीं. यह डीलिंग सोशल मीडिया पर चैट्स के जरिए ही की जाती थी. आरोपी महिलाएं ही पीड़िताओं की तस्वीरों को ग्राहक युवकों को भेजती थी.

ग्राहक से डील तय होने के बाद पीड़िताओं को तय लोकेशन पर भेजा जाता था. बताया यह भी जा रहा है कि पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि आरोपी बहनों ने सोशल मीडिया पर कई फर्जी आईडी बनाकर यह काम करती थीं. प्रोफाइल को तैयार करने में आरोपिया फिल्टर और एडिटिंग के साथ अन्य तीकनीक की मदद लेकर अपने काम को आकर्षक करती थीं. ग्राहकों के संपर्क करने पर इस गिरोह के अन्य सदस्य मैसेज, निजी चैट करते हुए आगे की प्रक्रिया को पूरी कराते थे. इन ग्राहकों को पिज्जा ऑफर या स्पेशल सर्विस जैसे शब्द के बारे में आरोपी महिलाएं और अन्य सदस्य समझाते भी थे. ग्राहकों से डील पक्की होने के बाद 60 से 70 प्रतिशत एडवांस रकम ली जाती थी.

# पुलिस कमिश्नर ने निशातपुरा क्षेत्र का किया दौरा

**भोपाल, 11 मार्च. पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने थाना निशातपुरा क्षेत्र के विश्वकर्मा नगर में नागरिकों से जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं. इस मौके पर उन्होंने साइबर ठगी से बचाव, यातायात नियमों के पालन व मादक पदार्थों की तस्करी रोकने में जनसहयोग से अपील की.**



नागरिकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के नियमित उपयोग की शपथ कमिश्नर ने दिलाई. कुमार ने पीक आवर्स में ड्यूटी प्वॉइंट लगाने के निर्देश देकर यातायात व्यवस्था बेहतर करने पर बल दिया. कमिश्नर से मुलाकात करते हुए नागरिकों ने प्रमुख मुद्दे उठाए, जिसमें बुधवार मार्केट के दिन ट्रैफिक व पुलिस व्यवस्था, पानी टंकी के पास ऑटो रिक्शा का जमावड़ा, चाय दुकान देर रात तक खुलने से आवारा तत्वों का जमाव, बच्चियों के आवागमन में असामाजिक तत्वों से भय गांजा/शराब पीकर नशेड़ियों द्वारा उत्पात शामिल थे. कमिश्नर ने इस सभी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.

# बुजुर्ग पेंशनधारी के खाते से 3 लाख रुपये गायब

**भोपाल, 11 मार्च.** बैंक में जमा रुपये भी सुरक्षित नहीं हैं. एक बुजुर्ग के पेंशन के रूप में आने वाले रुपये बैंक खाते में जमा थे. उनके खाते से करीब 3 लाख रुपये निकले गए. बैंक से हुई लेनदेन का मैसेज जब उनके फोन पर आया, तब घटना का खुलासा हुआ. बुजुर्ग बैंक में लेने-देन के लिए खुद ही पहुंचते हैं. उन्होंने बैंक से एटीएम कार्ड भी कभी इश्यू नहीं कराया और न ही फोन पर कभी कोई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के लिए कोई प्रयास किया. बुजुर्ग के साथ हुए इस अनोखे तरीके से ठगी का मामला सामने आने के बाद शाहजहांनबाद थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है.

# माइनिंग कारोबारी दिलीप गुप्ता के आवास पर छापा

▶ कारोबारी के घर आईटी कर रही रिकॉर्ड की जांच

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 मार्च. चूना भट्टी स्थित माइनिंग कारोबारी दिलीप गुप्ता के आवास पर आयकर विभाग ने बुधवार को छापेमार कार्रवाई की. इसके साथ ही गुप्ता के अन्य ठिकानों पर भी रेड़ पड़ने की जानकारी सामने आई है. आईटी ने दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड की जांच शुरूआत गुप्ता के आवास पर की है.**





सूत्रों के हवाले से जानकारी के मुताबिक आईटी की दिल्ली टीम यह कार्रवाई कर रही है. अधिकारी सुबह के समय ही गुप्ता के ठिकानों पर पहुंची और पूरे दिन डेरा जमाए रखा. गुप्ता और उनकी कंपनी के कारोबार से जुड़े दस्तावेजों में वित्तीय लेन-देन को लेकर आईटी की छापेमार कार्रवाई करने की सूचना सामने आई है. गुप्ता की आय और संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड आईटी खंगालने में जुटी है. टीम को अगर दस्तावेजों में खामिया मिलती हैं, तो आगे की कार्रवाई भी की जा सकती है. इस कार्रवाई को लेकर आईटी की तरफ से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान अभी तक जारी नहीं किया गया है.

# मुख्यमंत्री ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद



**भोपाल, 11 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत सचदेवा के सुपुत्र के आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए और वर-वधू को आशीर्वाद दिया.

# सीएमएचओ ने थमाए निजी अस्पतालों को नोटिस

**भोपाल, 11 मार्च. अस्पताल नवीनीकरण का आवेदन नहीं करने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने 6 निजी अस्पतालों को नोटिस जारी किए हैं. इन अस्पतालों द्वारा निर्धारित समय सीमा में अस्पताल के लाइसेंस और पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया था.**

अब ये अस्पताल 31 मार्च 2026 के बाद संचालित नहीं हो पाएंगे. सीएमएचओ कार्यालय द्वारा लालघाटी चौराहा स्थित जहरा अस्पताल, मोतिया तालाब रोड स्थित सरदार पटेल अस्पताल, कैपिटल पेट्रोल पंप के पास राय हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, बीडीए कॉलोनी गोदरमऊ गांधीनगर के हेल्थ केयर हॉस्पिटल, दानिश कुंज कोलार रोड स्थित भगवती गौतम अस्पताल, सोनागिरी पिपलानी पेट्रोल पंप स्थित सचिन ममता अस्पताल को नोटिस दिया गया है.

# हारमोनियम वादक ने किया सुसाइड

**भोपाल.** जेल से 6 महीने की सजा काट कर जमानत पर रिहा हुए एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. बुधवार को बिलखिरिया थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की. विवेक तिवारी (24) हारमोनियम वादन में माहिर थे. विवेक को अपनी इस कला के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान भी मिला था. साल 2025 में विवेक की मंगेतर ने उन पर दुष्कर्म का आरोप लगाया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया था.



# महिलाओं की शक्ति और क्षमता से नई दिशा प्राप्त कर रहा भारत

▶ राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 11 मार्च. वो शक्ति हैं, सशक्त हैं, वो भारत की नारी हैं... न कम हैं, न ज़्यादा हैं, वो सब में बराबरी की अधिकारी हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विचार को उद्धृत करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने कहा कि आज का भारत महिलाओं की शक्ति, क्षमता और नेतृत्व से नई दिशा प्राप्त कर रहा है.**

रहाटकर भोपाल में बुधवार को रवीन्द्र भवन में शक्ति संवाद, कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहीं थी. .कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सरकारी नीतियों, सामाजिक पहलों और महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य व समग्र कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई. विजया रहाटकर ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए देशभर में आयोग आपके द्वार के तहत जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि किसी भी महिला को न्याय मिलने में देरी न हो. उन्होंने बताया कि इस पहल की पहली जनसुनवाई भोपाल से प्रारंभ हुई थी. आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग निधि निवेदिता ने मध्यप्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, महिला सुरक्षा के लिए वन स्टॉप सेंटर और महिला हेल्पलाइन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम में महिला सुरक्षा शाखा के स्पेशल डीजी अनिल कुमार, राज्य महिला आयोग के सचिव सुरेश तोमर आदि मौजूद रहे. इस अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य तथा साइको-सोशल वेलबीइंग को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए मप्र राज्य महिला आयोग और स्काई सोशल संस्था के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए.

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी का दिख रहा असर

▶ मैन्यू में बदलाव, कई होटलों में थाली सिस्टम बंद

**भोपाल, 11 मार्च. राजधानी में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी का असर देखने को मिल रहा है. भोपाल में कई होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालक अब सिलेंडर नहीं मिलने से खाने की थाली देने से मना कर रहे हैं.**

संचालकों का कहना है कि उनके पास सिलेंडर की कमी होने से वह थाली का खाना उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं. संचालक अब ग्राहकों को पसंदीदा सब्जी या दाल, रोटी और चावल भी अलग से तय रेट पर देने की बात कहते नजर आ रहे हैं. बताया यह भी जा रहा है कि रोशनपुरा सहित शहर के कई स्थानों पर कामर्शियल सिलेंड़र को लेकर विवाद की स्थिति भी लोगों के बीच बन रही है. कोलार में संचालित राजधानी ढाबे पर देर शाम को लोग जब खाने की थाली का आर्डर देने के लिए पहुंचे तो कांउटर पर बैठे शख्स ने सिलेंडर की कमी के चलते थाली नहीं मिलने की बात कही. ग्राहकों को पसंदीदा और तय रेट वाले आइटम मिलने और पैकिंग की सुविधा का हवाला दिया. कई ग्राहक थाली नहीं मिलने से लौट गए, जबकि कुछ ग्राहकों ने संचालक के आफर के हिसाब से ही खान-पान किया. कोलार के अलावा कई इलाकों में भी रहवासियों को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.



## मप्र की थ्रोबाल टीम को किट वितरित

**भोपाल, 11 मार्च.** आंध्रप्रदेश के तिरुपति बालाजी में 13 से 15 मार्च तक होने वाली 34वीं फेडरेशन थ्रोबाल प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की महिला टीम घोषित कर दी गई है. प्रतियोगिता के लिए घोषित पुरुष और महिला टीम को नवभारत के प्रबंध संपादक सुमीत माहेश्वरी एवं सुरुचि पत्रिका की संपादक श्रीमती पूजा माहेश्वरी द्वारा किट वितरित की गई.

**मीटिंग** ▶ जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य और शिक्षा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, कलेक्टर्स को दिए निर्देश

# विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं : अपर मुख्य सचिव

**भोपाल, 11 मार्च. अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को भोपाल संभाग की विकास योजनाओं और शासकीय नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयुक्त कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में विधायक दक्षिण पश्चिम भोपाल भगवानदास सबनानी, सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा एवं बैरसिया विधायक विष्णु खत्री सहित अन्य जिलों से सभी विधानसभाओं के विधायकगण भी वीसी के माध्यम से जुड़े. इसके साथ ही कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह, सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सभी संबंधित विभागीय अधिकारी एवं राजगढ़, विदिशा, रायसेन एवं सीहोर कलेक्टर्स व्हीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे.बैठक में अपर मुख्य सचिव शुक्ला ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी , नल-जल योजना और जल जीवन मिशन सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा योजनाओं के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए.

### नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए

शुक्ला ने कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं, विद्यालयों और आंगनवाड़ियों के संचालन की नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए. उन्होंने विशेष रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूलों की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की कमी या अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए. बैठक में अमृत-2.0 योजना के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य पूर्ण होने के बाद सड़कों को जीर्ण-शीर्ण अवस्था में न छोड़ा जाए और उनका समय पर संधारण सुनिश्चित किया जाए.


## कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल जोन क्र . 04 वीर सावरकर नगर, भोपाल

### सार्वजनिक सूचना

**लीज़ रेण्ट / नामांतरण बाबत्**
**जोन क्र. 04 के अतंर्गत लीज़ रेण्ट खातों का निम्नानुसार नामांतरण प्रस्तावित है .**

| क्र. | वर्तमान खातेदार का नाम | संपत्ति/ भवन/ भूमि दुकान का पता | संपत्ति कर खाता क्र. | प्रस्तावित नामांतरण हेतु आवेदक का नाम | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शांति बाई पति श्री शादीलाल | दुकान 05 नादरा बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स | L000005296 | 1. कमला बाई, 2. गायत्री कुशवाह 3 लक्ष्मी सराठे, 4. प्रेम सराठे 5. विनय सराठे, 6. राजेश सराठे | आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 2. | श्री शंकरलाल पिता श्री शादीलाल | दुकान 06 नादरा बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स | L000005297 | 1. कमला बाई, 2. गायत्री कुशवाह 3 लक्ष्मी सराठे, 4. प्रेम सराठे 5. विनय सराठे, 6. राजेश सराठे | आवेदन पत्र/शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |

उक्त नामांतरण पर यदि किसी भी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर आपत्ति लिखित में साक्ष्य एंव दस्तावेजों सहित आपत्ति वार्ड क्र.18 जोन क्र. 04, वीर सावरकर (मंगलवारा) कार्यालय में 15 दिवस मे प्रस्तुत करें. यदि नियत समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत अभिलेखों में नामांतरण कर दिया जावेगा .

**सू.क्र. 3299/025/026**

**वार्ड प्रभारी**
**वार्ड क्र. 18, नगर निगम, भोपाल**

**जोनल अधिकारी**
**जोन क 04, नगर निगम, भोपाल**